https://navbharattimes.indiatimes.com/metro/lucknow/development/up-news-in-hindi-ev-charging-stations-will-start-on-all-expressways-by-diwali-know-detail-here/articleshow/111878408.cms

# यूपी के एक्सप्रेसवे पर फर्राटा से दौड़ाएं ईवी, चार्जिंग स्टेशन को लेकर आ गई बहुत बड़ी खबर, ओपनिंग डेट जान लीजिए

UP Expressway EV Charging Stations News: यूपी के एक्सप्रेसवे पर इलेक्ट्रिक गाड़ी लेकर जाने वालों की टेंशन दूर होने वाली है। यूपी के चार प्रमुख एक्सप्रेसवे पर ईवी चार्जिंग स्टेशन को खोलने की योजना को अमली जामा पहनाने की तैयारी कर ली गई है। दीपावली तक इन चार्जिंग स्टेशनों को शुरू कराने की योजना है।



**लखनऊ:** इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने की सोच रहे हैं या इलेक्ट्रिक वाहन हैं। मगर अभी तक उसका इस्तेमाल सिर्फ शहर में ही कर रहे हैं, क्योंकि लॉन्ग रूट पर ईवी चार्जर नहीं है। तो आपकी ये समस्या अगले कुछ महीनों में खत्म होने वाली है। प्रदेश के तीन बड़े एक्सप्रेसवे पर दीपावली तक ईवी चार्जिंग स्टेशन शुरू हो जाएंगे। इन चार्जिंग स्टेशन के खुलने से आप दिल्ली से गाजीपुर, दिल्ली से चित्रकूट, लखनऊ-आगरा जैसे रूट पर इलेक्ट्रिक व्हीकल से सफर तय कर सकेंगे। यूपी में एक्सप्रेसवे निर्माण और इनकी देखरेख करने वाली संस्था यूपीडा ने इन आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन बनाने का काम शुरू कर दिया है। अब आप अपनी ईवी को लेकर इन एक्सप्रेसवे पर टेंशनमुक्त यात्रा कर पाएंगे।

## सितंबर तक आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर स्टेशन

एक्सप्रेसवे पर ईवी चार्जिंग स्टेशन बना रही अडानी टोटल एनर्जी ई-मोबिलिटी लिमिटेड ने तीनों एक्सप्रेसवे पर काम शुरू कर दिया है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक सितंबर तक आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर ईवी चार्जिंग स्टेशन खुल जाएगा। इसके बाद अक्टूबर अंत तक पूर्वांचल और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर चार्जिंग स्टेशन ऑपरेशनल हो जाएंगे। अधिकारी के मुताबिक एक एक्सप्रेसवे पर 8 चार्जिंग स्टेशन होंगे। जिसमें हर रूट पर 4-4 चार्जिंग स्टेशन होंगे। ये सभी चार्जिंग स्टेशन उन्हीं जगहों पर खुलेंगे जहां मौजूदा समय में पेट्रोल पंप और सीएनजी स्टेशन हैं।

## गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर भी दो स्टेशन

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के साथ-साथ ही गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर भी दो चार्जिंग स्टेशन खोले जाएंगे। इसके अलावा लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज में भी बड़े पैमाने पर चार्जिंग स्टेशन खोले जाएंगे। इसके लिए प्राधिकरण, नगर निगम के अंतर्गत चार्जिंग स्टेशन खोले जाएंगे। जानकार मानते हैं कि एक्सप्रेसवे और हाईवे पर चार्जिंग स्टेशन शुरू होने से प्रदेश में इलेक्ट्रिक व्हीकल की बिक्री में तेजी आएगी। मौजूदा समय में यूपी में करीब 8 हजार चार पहिया इलेक्ट्रिक व्हीकल और 1 लाख से अधिक दोपहिया ईवी गाड़ियां हैं।

## जल्द निर्धारित होंगे चार्जिंग दरें

एक्सप्रेसवे पर खुलने वाले चार्जिंग स्टेशन की दरें क्या होंगी? इस पर भी जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। इसके लिए हाल ही में यूपीडा के अधिकारियों के साथ बैठक भी हुई थी। इन व्यवस्थाओं के जरिए एक्सप्रेसवे के सफर को सुहाना बनाने की तैयारी है। लोगों को गाड़ी की चार्जिंग के लिए टेंशन नहीं होगी। ईवी से भी लोग अब लंबी यात्राएं कर पाएंगे।